
जयपुर-दिल्ली हाईवे पर बेकाबू ट्रोले की टक्कर से 2 लोगों की मौत, तीन घायल

मुरलीपुरा क्षेत्र में रोड नंबर-14 स्थित अनाज मंडी के पीछे तेज रफ्तार ट्रोले ने पांच वाहनों को टक्कर मारी

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । जयपुर-दिल्ली हाईवे पर मुरलीपुरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर तेज रफ्तार और बेकाबू ट्रोले ने एक के बाद एक पांच वाहनों को टक्कर मार दी। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि ट्राला चालक सहित तीन लोग घायल हो गए। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि एक कार पूरी तरह क्षितग्रस्त हो गई और एक व्यक्ति ट्रोले के पहिए के नीचे फंस गया। दूसरे घायल ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। घायलों को कांवटिया अस्पताल और अन्य निजी अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है।

डीसीपी पश्चिम प्रशांत किरण के अनुसार हादसा दोपहर करीब 12 बजे मुरलीपुरा थाना इलाके में रोड नंबर-14 स्थित अनाज मंडी







मुरलीपुरा इलाके में रोड नंबर 14 की सर्विस लेन में तेज रफ्तार ट्रोले ने लगातार 5 वाहनों को रौंद दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को क्रेन से हटवाया।

- **हादसे में एक व्यक्ति की ट्रोले के पहिए के नीचे दबने से मौके पर मौत हो गयी, जबकि दूसरे ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया**

के पीछे वाले गेट के सामने हुआ। जहां दौलतपुरा टोल की तरफ से अजमेर रोड की ओर जा रहा ट्रोला सर्विस लाइन पर अचानक बेकाबू हो गया। उसने तीन चारपहिया और दो दोपहिया वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में सीता विहार, मुरलीपुरा निवासी रमेश (60) और फागी के रेनवाल निवासी हनुमान सहाय (40) की मौत हो गई।

जयपुर पश्चिम डीसीपी प्रशांत किरण ने बताया कि ट्रोले ने सर्विस लाइन पर एक के बाद एक पांच वाहनों को टक्कर मारी। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार सामने आया है। दुर्घटना की सूचना पर मुरलीपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू करवाया। स्थानीय लोगों की मदद से वाहनों में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। ट्रोले के पहिए के नीचे फंसे व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि कार में फंसे दूसरे व्यक्ति को बाहर निकालकर अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने दोनों शव अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए हैं। घायलों में ट्रोला चालक भी शामिल है।

पुलिस के अनुसार ट्रोले ने सबसे पहले सर्विस लाइन पर खड़ी इको कार को टक्कर मारी। इसके बाद दुकान के फुटपाथ पर खड़ी एक्टिवा स्कूटी को चपेट में लिया। फिर बाहर खड़ी वैगनआर कार और टाटा-407 सहित अन्य वाहनों को टक्कर मार दी। इस दौरान सड़क पर मौजूद लोग भी इसकी चपेट में आ गए। एक कार बुरी तरह चकनाचूर हो गई। ट्रोला टू-व्हीलर ऑटो पार्ट्स की दुकान के सामने बने चबूतरे से भी टकराया और वहां खड़ी स्कूटी को क्षतिग्रस्त कर दिया।

दुकानदार विष्णु गर्ग ने बताया कि वह दोपहर करीब 12 बजे अपनी दुकान पर बैठा था। इसी दौरान ट्रोला सामने से आया और पहले एक वाहन, फिर दूसरे वाहन को टक्कर मारते हुए पैदल जा रहे व्यक्ति को कुचल दिया। उनके अनुसार पैदल चल रहा व्यक्ति किसी गांव से आया था और वाहन से उतरने के बाद सड़क पर जा रहा था। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ट्रोले ने उनकी दुकान के पास खड़ी दो मोटरसाइकिलों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया।

टू-व्हीलर ऑटो पार्ट्स दुकान के संचालक राकेश शर्मा ने बताया कि ट्रोले की रफ्तार इतनी तेज थी कि एक बार लगा कि वह दुकान में घुस जाएगा। ट्रोला दुकान के आगे बने चबूतरे से टकराया और बाहर खड़ी स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया। चबूतरा होने के कारण दुकान में मौजूद लोग बाल-बाल बच गए। उन्होंने बताया कि उनकी आंखों के सामने हादसे में लोगों की जान चली गई। पुलिस के अनुसार वह घटनास्थल के पास ही काम करता है। ट्रोले के नीचे फंसे व्यक्ति को निकालने में उसने मदद की। उसने बताया कि व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। स्थानीय लोगों ने घायलों और मृतकों को अपने वाहनों से अस्पताल पहुंचाया। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस और एंबुलेंस के मौके पर पहुंचने में देरी होने की बात भी कही।

स्थानीय लोगों के बीच चर्चा है कि हादसे से पहले दो स्कूटी सवारों और ट्रोला चालक के बीच किसी बात को लेकर बहस हुई थी। बताया जा रहा है कि स्कूटी सवारों ने ट्रोला रुकवाने के लिए उस पर पत्थर फेंका था, जिसके बाद चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा। प्रत्यक्षदर्शी विष्णु गर्ग ने भी इस तरह की चर्चा होने की बात कही। हालांकि पुलिस ने अभी तक पत्थर मारने या विवाद होने की पुष्टि नहीं की है। डीसीपी प्रशांत किरण ने बताया कि घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जांच के बाद ही हादसे के सभी कारण स्पष्ट हो सकेंगे।

गौरतलब है कि 3 नवंबर 2025 को इसी क्षेत्र में लोहा मंडी चौराहे पर एक ट्रेलर ने 14 लोगों को कुचल दिया था। शुक्रवार को हुए हादसे के बाद एक बार फिर इस मार्ग पर भारी वाहनों की तेज रफ्तार और यातायात व्यवस्था को लेकर सवाल उठे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां जाम और भारी वाहनों की तेज रफ्तार के कारण हादसों का खतरा बना रहता है। इस हादसे पर उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने लिखा कि जयपुर-सीकर रोड पर 14 नंबर स्थित अनाज मंडी रोड पर हुए भीषण सड़क हादसे में जनहानि का समाचार अत्यंत दुखद है। उन्होंने बताया कि घायलों को समुचित चिकित्सकीय उपचार उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। साथ ही दिवंगत आत्माओं की शांति, शोकाकुल परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति व घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

ट्रक की टक्कर से महिला की मौत, भतीजा-भतीजी घायल

जयपुर । दौलतपुरा टोल प्लाजा से पहले शुक्रवार दोपहर तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत हो गई, जबकि उसका भतीजा और भतीजी घायल हो गए। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। हेड कांस्टेबल गणेश के अनुसार विश्वकर्मा के 14 नंबर निवासी सरोज (45) शुक्रवार दोपहर करीब 2:15 बजे अपने भतीजे निशांत (18) और भतीजी आरती (26) के साथ बाइक पर अमरसर स्थित काली माता मंदिर दर्शन के लिए जा रही थीं। बाइक निशांत चला रहा था। दौलतपुरा टोल प्लाजा से पहले तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से तीनों उछलकर सडक पर गिर गए और घायल हो गए।

सार-समाचार

सहकारी बैंकों के लिए 10576 करोड़ रुपए के पूंजी सहायता पैकेज की मांग

जयपुर/शिलांग । ऑल इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक एम्प्लाइज फैडरेशन की केंद्रीय समिति की दो दिवसीय राष्ट्रीय बैठक 14-15 नवंबर को मेघालय को-ऑपरेटिव अपेक्स बैंक सभागार, शिलांग में होगी। मेघालय को-ऑपरेटिव अपेक्स बैंक एम्प्लाइज यूनियन के स्वर्ण जयंती समारोह पर आयोजित बैठक में महासचिव सीएच वेंकटचलम, रवि कुमार तथा देशभर के प्रतिनिधि शामिल होंगे। राजस्थान से फैडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सूरज भान सिंह आमेरा भी बैठक में भाग लेंगे। आमेरा ने बताया कि बैठक में 102 जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों की कमजोर वित्तीय स्थिति पर चर्चा कर 10,576 करोड़ रुपए के पूंजी सहायता पैकेज की मांग उठाई जाएगी। गत 31 मार्च 2025 तक 50 में से 41 घाटे वाले बैंकों में से अधिकांश पांच राज्यों राजस्थान, मध्यप्रदेश, पंजाब, बिहार और महाराष्ट्र में हैं। वहीं 38 बैंकों का सीआरएआर 9 प्रतिशत से कम है तथा सकल एनपीए बढकर 38,709 करोड़ रुपए पहुंच गया है। बैठक में सहकारी बैंकों में पेशेवर अधिकारियों की नियुक्ति, ऋण सीमा बढ़ाने, डिजिटल बैंकिंग सुविधाओं से जुड़ी शर्तों में छूट तथा भूमि विकास बैंकों के लिए पुनरुद्धार पैकेज की मांग भी उठेगी। भूमि विकास बैंकों का कुल बकाया 22,430 करोड़ रुपए और सकल एनपीए 39 प्रतिशत है। इसके अलावा शहरी सहकारी बैंकों के कर्मचारियों के वेतन, भर्ती, पदोन्नित, पेंशन और ग्रेच्युटी की सुरक्षा, नाबार्ड की नीतियों तथा सहकार सारथी प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से सहकारी आंदोलन के निजीकरण की आशंकाओं पर चर्चा होगी।

अजय यादव का जन्मदिन मनाया



जयपुर । भाजपा जयपुर शहर जिला उपाध्यक्ष अजय यादव का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उन्होंने सुबह खोले के हनुमानजी मंदिर में दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इसके बाद गौशाला पहुंचकर गायों को हरा चारा एवं गुड़ खिलाया और गौसेवा का संदेश दिया। जन्मदिन पर बड़ी संख्या में शुभचिंतकों, समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया तथा मिठाई खिलाकर और गुलदस्ते भेंट कर बधाई दी। कार्यकर्ताओं ने उनके सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर पूर्व महापौर कुसुम यादव, हनुमान सैनी, टीकम यादव, अनिल यादव, सत्यनारायण शर्मा, नरेश शर्मा, उमेश शर्मा, नरेश विजयवर्गीय, पिंकू शर्मा, अक्षय यादव, विष्णु मीणा, सुभाष सैन, योगेश सोनी, सियाशरण शर्मा, मनीष बिवाल एवं संजय सैनी उपस्थित रहे।

दीपक पालीवाल को पीएचडी की उपाधि



जयपुर । जयपुर निवासी दीपक पालीवाल को मैंगलोर विश्वविद्यालय की ओर से पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने भारतीय फार्मास्युटिकल उद्योग में मी-टू मार्केटिंग के महत्व विषय पर शोध कार्य पूरा कर यह उपलब्धि हासिल की है। उनका शोध मैंगलोर विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रशासन विभाग में प्रो. पुत्तन्ना के. के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शोध के दौरान दीपक पालीवाल ने भारतीय दवा उद्योग में मी-टू मार्केटिंग की भूमिका और इसके व्यावसायिक महत्व का विस्तृत अध्ययन किया। शोध में उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि मी-टू मार्केटिंग को केवल किसी उत्पाद की नकल या प्रतिकृति बनाने की रणनीति के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि यह बाजार में प्रवेश करने की एक महत्वपूर्ण रणनीतिक प्रक्रिया है। उल्लेखनीय है कि दीपक पालीवाल ने इससे पूर्व उदयपुर स्थित भूपाल नोबल्स कॉलेज से बी.फार्मा तथा मणिपाल विश्वविद्यालय से एम.फार्मा की डिग्री प्राप्त की है।

मर्म चिकित्सा के गूढ़ रहस्य बताए



जयपुर । राजस्थान सरकार के आयुर्वेद विभाग एवं राष्ट्रीय आयुष मिशन की ओर से आरटीडीसी होटल गणगौर में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसमें आयुष चिकित्सकों के ज्ञानवर्धन एवं कौशल विकास पर जोर दिया जा रहा है। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. नितिन गोयल के संयोजन में मर्म चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. पीयूष त्रिवेदी ने विशेष सत्र लिया। उन्होंने आयुर्वेद ग्रंथों में वर्णित मर्म चिकित्सा के महत्व, मर्म बिंदुओं की पहचान, वर्गीकरण और उपचार की तकनीकों की जानकारी दी। व्यावहारिक अभ्यास भी करवाए, जिससे मौके पर एक रोगी को लाभ मिला। उल्लेखनीय है कि डॉ. त्रिवेदी पिछले 35 वर्षों से मर्म चिकित्सा के क्षेत्र में प्रशिक्षण एवं उपचार कार्य कर रहे हैं। प्रशिक्षण में सुरक्षित उपचार और मर्म चिकित्सा को क्लिनिकल प्रैक्टिस में शामिल करने पर भी जोर दिया गया।

त्योहारों पर चलाई 137 स्पेशल ट्रेन

जयपुर । दीपावली और छठ पूजा के त्योहारों पर यात्रियों को सुगम रेल यात्रा उपलब्ध कराने के लिए उत्तर पश्चिम रेलवे ने व्यापक व्यवस्थाएं की हैं। रेलवे की ओर से देश के विभिन्न गंतव्यों के लिए 137 स्पेशल ट्रेनों के 971 फेरों का संचालन किया गया है। साथ ही नियमित ट्रेनों में अतिरिक्त डिब्बे भी जोड़े गए हैं, जिससे यात्रियों को सीट उपलब्धता में राहत मिली है। छठ पूजा के लिए विशेष रूप से 65 स्पेशल ट्रेनों के 382 फेरे अधिसूचित किए गए हैं। रेलवे यात्री भार और मांग की लगातार समीक्षा कर रहा है। आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनों के संचालन की भी तैयारी है। इसके अलावा यात्रियों की मांग के अनुरूप तत्काल ऑन डिमांड ट्रेनें भी चलाई जा रही हैं। बड़ी संख्या में विशेष ट्रेनों के संचालन के बावजूद उत्तर पश्चिम रेलवे ने 96 प्रतिशत समयपालन हासिल किया है।

टाइप-1 डायबिटीज से पीड़ित 3761 मरीजों के लिए वरदान साबित हुआ ''मिशन मधुहारी''

जयपुर (कासं)। टाइप-1 डायबिटीज से पीड़ित बच्चों एवं मरीजों को बेहतर उपचार और नियमित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए राजस्थान सरकार का मिशन मधुहारी महत्वपूर्ण पहल साबित हो रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के मार्गदर्शन में प्रदेश के सभी 41 जिलों में संचालित इस मिशन से अब तक 3,761 मरीज जुड़ चुके हैं। विश्व मधुमेह दिवस (14 नवम्बर) के अवसर पर यह पहल मरीजों को नि:शुल्क उपचार और बेहतर जीवनशैली के लिए सहयोग उपलब्ध करा रही है।

प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़ ने बताया कि मिशन के तहत प्रदेश में 205 स्वास्थ्य संस्थान सूचीबद्ध हैं, जिनमें 138 संस्थानों पर मरीजों का नामांकन किया जा रहा है। इनमें 65 जिला अस्पताल, 61 उप जिला अस्पताल, 7 सैटेलाइट अस्पताल और 5 मेडिकल कॉलेज शामिल हैं। अब तक 2153 मरीज कम से कम एक बार फॉलोअप ले चुके हैं।

मरीजों को नि:शुल्क इंसुलिन, ग्लूकोमीटर, टेस्ट स्ट्रिप्स, ब्लड शुगर मॉनिटरिंग लॉगबुक, इंसुलिन पेन और मासिक फॉलोअप की सुविधा दी जा रही है। मिशन से जुड़ने के बाद 92 प्रतिशत मरीजों को बेसल-बोलस इंसुलिन उपचार मिल रहा है, जबकि पहले यह अनुपात केवल 28 प्रतिशत था।

राठौड़ ने बताया कि मधुनेत्र एआई के माध्यम से अब तक 2219 मरीजों की डायबिटिक रेटिनोपैथी स्क्रीनिंग की जा चुकी है। यह सुविधा 10 स्वास्थ्य संस्थानों में संचालित है। राज किडनी केयर के तहत किडनी संबंधी जांच के साथ डायबिटिक फुट और न्यूरोपैथी की स्क्रीनिंग भी की जा रही है। मधुरंग कार्यक्रम के माध्यम से करीब 1000 लोगों को आपसी सहयोग और अनुभव साझा करने के नेटवर्क से जोड़ा गया है। मधुमन कार्यक्रम में मरीजों के वेलबीइंग इंडेक्स का औसत स्कोर 78.9 रहा है। वहीं, मधुवाणी 104 हेल्पलाइन के माध्यम से मरीजों को सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

सेहत की पाठशाला कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चों में मोटापे की पहचान के लिए कमर की माप और बॉडी मास इंडेक्स के आधार पर स्क्रीनिंग शुरू की गई है। इसके अलावा मिशन से 205 सरकारी स्कूलों और 41 कॉलेजों को जोड़ा है, ताकि विद्यार्थियों में टाइप-1 डायबिटीज के प्रति जागरूकता विकसित की जा सके।

सूने मकान से लाखों के गहने और नकदी चोरी

जयपुर । जवाहर सर्किल इलाके के मालवीय नगर में दीपावली पर सूने मकान को निशाना बनाकर चोर लाखों रुपए कीमत के सोने-चांदी के गहने और नकदी चोरी कर ले गया। वारदात के दौरान बदमाश मकान के मुख्य गेट का लॉक तोड़कर अंदर घुसा और महज 20 मिनट में चोरी कर फरार हो गया। चोरी की पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई।

जांच अधिकारी एएसआई मुरारी लाल ने बताया कि मालवीय नगर के डी ब्लॉक निवासी निमिष चतुर्वेदी (54) ने चोरी का मामला दर्ज करवाया है। परिवादी नोएडा की एक कंपनी में नौकरी करते हैं और उनका परिवार जयपुर में रहता है। दीपावली पर परिवार के सभी सदस्य 2 नवंबर को रिश्तेदारों से मिलने नोएडा चले गए थे, इस दौरान मकान सूना था। बदमाश ने इसका फायदा उठाकर घर को निशाना बनाया और लॉक तोड़कर अंदर घुस गया। उसने अलमारी में रखे सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चोरी कर ली। परिवादी 12 नवंबर को नोएडा से वापस जयपुर लौटे तो मकान के ताले टूटे मिले। जांच करने पर पांच जोड़ी सोने के कान के टॉप्स (एक जोड़ी डायमंड, एक जोड़ी मोती और तीन जोड़ी सोने के), सोने की चार अंगूठियां, सोने की तुलसी माला, सोने का हुक और सोने का पेंडल चोरी होना सामने आया।

थार सवार बदमाशों ने फायरिंग की, महिला के पैर में गोली लगी

आरोपियों ने पुरानी कहासुनी के बाद दी थी जान से मारने की धमकी

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । शिवदासपुरा थाना क्षेत्र के पदमपुरा में पुरानी रंजिश के चलते एक परिवार पर थार सवार बदमाशों ने फायरिंग कर दी। आरोपियों ने घर के बाहर पहुंचकर दो-तीन राउंड गोलियां चलाईं। इस दौरान बचने के लिए भाग रही एक महिला की जांघ में गोली लग गई। वारदात के बाद आरोपी थार लेकर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित परिवार की शिकायत पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पीछा करने के दौरान सामने आया कि आरोपियों ने सवाई माधोपुर जिले के सूरवाल थाना क्षेत्र में भी एक व्यक्ति पर फायरिंग की थी। इस मामले में तीनों आरोपियों को राउंडअप किया गया है। उनके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त थार और देसी कट्टा बरामद किया गया है।

- **वारदात के बाद सवाई माधोपुर में भी की फायरिंग, तीन आरोपी पकड़े**
- **पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से देसी कट्टा और थार गाड़ी बरामद की**

थानाधिकारी राजेश गौतम ने बताया कि पदमपुरा निवासी पिंटू सांसी (26) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि करीब 15-20 दिन पहले वह शिवदासपुरा कस्बे में शराब की दुकान पर गया था। वहां शराब खरीदने की बात को लेकर गणेश कीर से कहासुनी हो गई और दोनों के बीच झगड़ा हो गया। इसके बाद गणेश कीर अपने साथी शंकर मीणा और गंगू पंडित के साथ मिलकर उसे और उसके परिवार को आए दिन धमकाने लगे। आरोपियों ने जान से मारने की धमकियां भी दीं। तीन-चार दिन पहले उसके छोटे भाई कैलाश के साथ भी आरोपियों ने झगड़ा कर मारपीट की थी।

परिवादी के अनुसार 11 नवंबर की रात गणेश कीर, शंकर मीणा और गंगू पंडित अपने एक अन्य साथी के साथ थार गाड़ी में सवार होकर उसके घर पहुंचे। घर के बाहर आते ही गाड़ी में बैठे बदमाशों ने परिवार पर दो-तीन राउंड फायर किए। इस दौरान बचकर भागने की कोशिश कर रही पिंटू की पत्नी की जांघ में गोली लग गई। हमले के बाद आरोपी थार लेकर मौके से फरार हो गए।

फायरिंग की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को उपचार के लिए एसएमएस अस्पताल में भर्ती करवाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी। पुलिस ने हमलावरों की तलाश में टीमें रवाना कीं। इधर पुलिस टीम आरोपियों का पीछा कर रही थी। इसी दौरान जानकारी मिली कि थार सवार बदमाशों ने सवाई माधोपुर जिले के सूरवाल थाना क्षेत्र में भी पुरानी रंजिश के चलते एक व्यक्ति पर फायरिंग की है। वहां अमर सिंह नाम के व्यक्ति के पैर में गोली मारकर आरोपी फरार हो गए थे। सूरवाल थाना पुलिस की सूचना पर नाकाबंदी करवाई गई। इसके बाद बौंली थाना पुलिस ने फायरिंग कर भाग रहे बदमाशों को पकड़ लिया। सूरवाल थाना पुलिस ने कातिलाना हमले के मामले में तीनों आरोपियों को राउंडअप किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल थार गाड़ी और देसी कट्टा भी बरामद किया है। दोनों घटनाओं के संबंध में पुलिस आगे की जांच कर रही है।

6 जवानों को ''कांस्टेबल ऑफ द मंथ'' सम्मान मिला

अक्टूबर 2026 में उत्कृष्ट कार्य करने पर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने सम्मानित किया

जयपुर (कासं)। जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से उत्कृष्ट, सराहनीय और समर्पित सेवाओं के लिए छह पुलिसकर्मियों को अक्टूबर 2026 के 'कांस्टेबल ऑफ द मंथ' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने पुलिस आयुक्तालय में आयोजित कार्यक्रम में सभी चयनित पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया।

पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि सम्मानित होने वालों में जवाहर सर्किल थाने के कांस्टेबल मनोज कुमार ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी विक्रम मीणा को गिरफ्तार करवाने तथा लूट के मामले में आरोपी तन्मय कुमार पारीक और विवेक सैन को पकड़वाने में अहम भूमिका निभाई। सिंधी कैंप थाने के कांस्टेबल सतवीर ने मोबाइल चोरी और छीनाझपटी करने वाली गैंग के सरगना मोईन उर्फ शाहरुख सहित मोहम्मद अनस, मोहम्मद गालिब और हसीब मेव को गिरफ्तार करवाया। आरोपियों से चोरी और छीनाझपटी के 20 मोबाइल फोन तथा वारदात में प्रयुक्त स्विफ्ट डिजायर कार बरामद की गई।

- **अपराधियों की गिरफ्तारी से लेकर चोरी की रकम बरामद करने तक में निभाई अहम भूमिका**



पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने उत्कृष्ट सेवाओं पर छह जवानों को सम्मानित किया।

नाहरगढ़ थाने के कांस्टेबल विजय कुमार ने बैग से चोरी हुए 20 लाख रुपये में से 18 लाख 93 हजार रुपये बरामद करवाने और तीन आरोपियों को गिरफ्तार करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने अन्य चोरी के मामलों में आरोपी की गिरफ्तारी, चोरी के वाहन के इंजन और चेसिस नंबर मिटाकर फर्जी दस्तावेज तैयार करने वाले आरोपी को पकड़ने तथा एक नाबालिग बालिका को दस्तयाब करवाने में भी सहयोग किया।

सांगानेर सदर थाने के कांस्टेबल रामवतार ने महिला की हत्या के ब्लाइंड मामले का खुलासा करने, लूट के मामले में फरार चार इनामी अपराधियों को गिरफ्तार करवाने तथा सॉफ्टवेयर में सेंध लगाकर करीब दो करोड़ रुपये के जीएस उपकरण चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को पकड़वाने में अहम भूमिका निभाई।

यातायात उत्तर के कांस्टेबल राजेश कुमार ने वनस्थली मार्ग चौराहे पर रेड लाइट के दौरान ऑटो में बैठी सवारी से एक लाख रुपये से भरा बैग छीनकर भाग रहे मोटरसाइकिल सवार दो बदमाशों को पकड़ लिया। उन्होंने रुपयों से भरा बैग संबंधित व्यक्ति को लौटाया और दोनों बदमाशों को मोटरसाइकिल सहित जालूपुरा थाना पुलिस के सुपुर्द किया। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (लाइसेंसिंग एवं लीगल) कार्यालय के कांस्टेबल दिनेश कुमार को दीपावली पर आतिशबाजी के भंडारण और बिक्री के लिए जारी किए गए अस्थायी लाइसेंस से संबंधित कार्य को मेहनत, लगन और ईमानदारी से संपन्न करने के लिए सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में विशेष पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. अजय सिंह, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (यातायात एवं प्रशासन) प्रदीप मोहन शर्मा, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (क्राइम) डॉ. रामेश्वर सिंह, पुलिस उपायुक्त (क्राइम) योगेश गोयल और पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) अनुष्ठा कालिया मौजूद रहे।

ऑडिट वीक में विद्यार्थियों-युवाओं को किया जाएगा जागरूक

जयपुर । भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) कार्यालय की ओर से ऑडिट वीक के तहत 19 से 27 नवंबर तक विभिन्न शैक्षिणक एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें सरकारी वित्तीय प्रबंधन, लेखांकन और सार्वजनिक ऑडिट की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में रिमोट एवं हाइब्रिड ऑडिटिंग, डिजिटलीकरण और डिजिटल साक्ष्यों पर विशेषज्ञ सत्र होंगे। ट्रेजरी, डीडीओ, पेंशन अधिकारियों और सार्वजनिक निर्माण विभाग के इंजीनियरों के लिए कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। विद्यार्थियों एवं युवाओं को सार्वजनिक वित्त और ऑडिट में करियर की संभावनाओं से भी परिचित कराया जाएगा। आगामी 19, 23 और 26 नवंबर को स्कूलों में नुक्कड़ नाटक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। 23 नवंबर को आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। वहीं, 25 नवंबर को कक्षा 3 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए तीन श्रेणियों में चित्रकला प्रतियोगिता होगी। 27 नवंबर को समापन समारोह में विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

हॉर्न बजाने पर बदमाशों ने पत्थर से कार के शीशे फोड़े

- **10-15 लोगों ने मिलकर युवक और उसके परिजनों से मारपीट की**

जयपुर । खोरा बीसल इलाके में बीच सड़क खड़ी कार को हटवाने के लिए हॉर्न बजाना एक युवक को भारी पड़ गया। आरोप है कि इससे नाराज युवकों ने अपने परिवार और परिचितों के साथ मिलकर युवक की कार में पत्थर मारकर तोड़फोड़ की। उसे कार से बाहर खींचकर बाल पकड़े और मुंह पर मुक्के मारकर दांत तोड़ दिया। बीच-बचाव करने आए युवक की बहन, जीजा और उनके छोटे भाई के साथ भी मारपीट की गई। पीड़ित ने खोरा बीसल थाने में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है।

एएसआई शैतान सिंह के अनुसार झुंझुनूं जिले के उदयपुरवाटी निवासी अभिषेक शर्मा (24) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि वह भाईदूज के त्यौहार पर अपनी बहन के घर निवारू रोड स्थित विश्वनाथ धाम कॉलोनी आया था। दोपहर करीब तीन बजे वह बहन के घर के पास पहुंचा तो बीच सड़क पर काले रंग की एक एसयूवी खड़ी थी। रास्ता देने के लिए उसने हॉर्न बजाया। इस पर घर के अंदर से दो युवक बाहर आए और गाली-गलौच करने लगे। कुछ ही देर में उनके परिवार और परिचितों के करीब 10-15 लोग वहां पहुंच गए और हॉर्न बजाने को लेकर विवाद करने लगे। आरोप है कि हमलावरों ने पत्थर उठाकर अभिषेक की कार के शीशे तोड़ दिए। इसके बाद उसे कार से बाहर निकालकर बाल पकड़े और मुंह पर मुक्के मारे, जिससे उसका दांत टूट गया। शोर सुनकर बहन, जीजा और उनके छोटे भाई बचाने पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट की गई। अभिषेक के अनुसार, वह किसी तरह वहां से भागकर घर में घुसा और अपनी जान बचाई। बाद में लहूलुहान हालत में अस्पताल पहुंचकर प्राथमिक उपचार करवाया। पुलिस जांच में जुटी है।